ई कचरा जब ईलेक्ट्रानिक उपकरणों को लम्बे समय तक प्रयोग करने के पश्चात उसको बदलने या खराब होने पर पहले को फेंककर दूसरा नया उपकरण प्रयोग में लाया जाता है। तो इस निष्प्रयोज खराब उपकरणों ई कचरा कहा जाता है । कम्प्यूटर मोबाईल फोन प्रिंड्स फोटो कॉपी मशीन इन्वेटर यूपीएस एलडी टेलीविजन रेडियो ट्रांजिस्टर डिजीटल कैमरा इसके उदाहरण है। विश्व में प्रतिवर्ष 200 से 500 लाख मिट्रीक टन ई कचरा जनित होता हैं केनद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के एक संर्वेक्षण के अनुसार वर्ष 2005 में भारत में ई कचरे की कुल मात्रा 1.47 लाख मिट्रीक टन थी। जो कि वर्ष 2012 में बढकर लगभग आठ लाख मिट्रीक टन हो गई है। भारत में जनितज ई–कचरा की मात्रा विगत 6 वर्षो में लगभग 5 गुनी हो गई। तथा इसमें निरन्तर वृद्धि हो रही है। ई–कचरा अधिकतम प्लास्टिक से बने होते है। जो पर्यावरण को नुकसान पहुचाते है। देश में हो विकास तथा तकनीकी प्रगति के इस दौर में लोग पर्यावरण के प्रति सजग तो अवश्य हुए है। लेकिन अभी भी कई एसे क्षेत्र है। जिन पर ध्यान दिया जाना बेहद जरूरी है। पर्यावरण को नुकसान पंहुचाते है।




**निष्कर्ष : एक दृष्टिकोण** देश में हो रहे विकास तथा तकनीकी प्रगति के इस दौर में लोग पर्यावरण के प्रति सजग तो अवश्य हुए है। लेकिन अभी भी कई ऐसे क्षेत्र है जिन पर ध्यान दिया जाना बेहद जरूरी है


ई– कचरे के निपटान हेतु सबसे अच्छा तरीका रीड्यूस,रीयूज,रीसाइकलिंग है।





देश में ई–कचरे को कम करने हेतु कड़े कानून बनाने की आवश्यकता है। बेकार हुए ईलेक्ट्रॉनिक उउपकरणों को कम्पनियां लेने को बाध्य हो ऐसा कानून बनाया जाना चाहिए। पर सरकार के साथ साथ उपभोक्ताओं की सजागता भी अत्यन्त आवश्यक है। यदि सरकार और जनता दोनों जागरूक हो जाएं तो निश्चय ही भविष्य में ई–कचरे की समस्या से छुटकारा पाया जा सकेगा।




चित्र तथा गुड आधारित विश्व स्तरी आवर्त सारणी का भारत में पहली बार सफल प्रकाशन बहुआयामी शिक्षा तकनीकी एवं अनुसंधान समिति की ओर से किया गया /







Writer/ लेखक:- Ashish Prasad
Dept./ विभाग:-
E-mail/ ई–मेल:- ashishpshukla366@gmail.com
Cont./ सम्पक:- +91-8126360950

MULTIDIMENSIONAL SOCIETY
MD-STARS
Multidimensional Nano Science Magazine
बहुआयामी नैनोविज्ञान पत्रिका
Article Field / लेख क्षेत्र
Memb. ID No. U.P320522266010DK01011986
Ref. No. 10DEC2018LKO000076

# बायोनिक्स

( बहुलक )

प्रकृति में पायी जाने वाली प्रणालियों एवं जैव वैज्ञानिक विधियों का अध्ययन करके एवं इसका उपयोग करके इंजीनियरी तंत्रों को डिजाइन एवं विकसित करना 'बायोनिक्स' या बायोनिकी कहलाता है।

जब हम बायोनिक्स के बारे में सोचते हैं तो साधारणतः ऐसे कृत्रिम बांह व टांग के बारे में सोचते हैं जो मानव शरीर में बाहर से लगाई जा सके या फिर ऐसे संवेदनशील उकरणों के बारे में सोचते हैं जिनका अपंग मानव शरीर में रोपण किया गया है। बायोनिक्स पद्धति के तहत अनिवार्य जीवन व्यवस्थाओं को संवेदनशील उपकरणों से शक्ति मिलती है। यह मानव के क्षतिग्रस्त अंगों से कुछ संदेश मस्तिष्क को भेजते हैं जिससे कि मनुष्य अपने कार्य कुछ हद तक स्वयं कर सके। ऐसी स्थिति में जब किसी मानव का दुर्भाग्य से शरीर का कोई भी हिस्सा क्षतिग्रस्त हो जाए अथवा पूरी तरह से निष्क्रिय हो जाए तो उसके पास क्या उपाय रह जाएगा ? दुर्भाग्य से हमारे पास छिपकली या स्टार फिश जैसी क्षमताएँ नहीं है कि हम दुबारा से वो बॉह, टांग आदि विकसित कर सकें तथा पुनः उसे पुराने रूप में ला सकें। स्टेम सेल के क्षेत्र में किया जा रहा परीक्षण इसका उपाय हो सकता है। पर अभी इस पद्धति का इतना विकास नहीं हुआ है। अतः इसके बारे में कुछ भी निश्चित रूप से नहीं बोला जा सकता। तब सिर्फ कृत्रिम अंग ही आशा की किरण हो सकती हैं और यहीं पर बायोनिक्स प्रकाश में आता है।

बायोनिक्स का इतिहास बहुत ही प्राचीन है। पौराणिक कथाओं में भी उल्लेख है कि किस तरह सिपाही अपने क्षतिग्रस्त अंगों के बदले लोहे के अंग लगा कर रण–भूमि में युद्ध करने चले जाया करते थे। बायो–इंजीनियरिंग व गणित जिससे कि कृत्रिम अंगों की रचना में पूरी तरह से

परन्तु आज के परिप्रेक्ष्य में बहुत सारी विधाओं और–तकनीकों का संयोजन हो गया है जैसे कि रोबोटिक्स, छोटी–छोटी बातों को ध्यान में रखा जा सके तथा वह मानव कोशिकाओं के साथ अपना कार्य कर सके।


चिकित्सा और इलैक्ट्रानिकी दोनों ही क्षेत्रों में लघु रूप विद्युत अंगों, परिष्कृत सूक्ष्म चिपों और विकसित कम्प्यूटर योजनाओं के रूप में भी निर्बल मानव शरीर को सबल मानव शरीर में परिवर्तित किए जाने में वैज्ञानिकों ने सफलता प्राप्त की है। यह विशिष्ट मानव–मशीन संबंध जिस के लिए 'बायोनिक शरीर' का नाम उचित है, ने शारीरिक अक्षमताओं वाले इन्सानों को कृत्रिम अंगों, कृत्रिम मॉसपेशियों और दूसरे कृत्रिम अंगों द्वारा एक बेहतर जिन्दगी जीने की राह दिखाई है।



यह उन लोगों के लिए मददगार साबित होगा, जो पहले देख सकते थे, लेकिन बाद में किन्हीं कारणों से उनकी आंख की रोशनी चली गई। होते है, जो अपना रेटिनल फंक्शन खो चुके हों। और उसके आकार को समझने में मदद करेगी। आर्गस 2 में इलेक्ट्रोड लगे होते हैं, वह ऐसे लोगों के लिए बेहद सहायक के शोधकर्ता 'जॉन पेजारी' ने 'आर्गस 2 रेटिनल' नाम से बायोनिक आंख विकसित की है, जो कि आपको प्रकाश के मूवमेंट बायोनिक आंख की सहायता से दृष्टिहीन होने के बावजूद प्रकाश के मूवमेंट और उसके आकार को समझा जा सकता है। हावर्ड विश्वविद्यालय, अमेरिका



मस्तिष्क के किसी हिस्से को बदलता शरीर के किसी अंग को बदलने की तरह आसान नहीं है, लेकिन भविष्य में मस्तिष्क के किसी हिस्से को बदलना मुश्किल नहीं होगा। दक्षिणी कैलीफोर्निया विश्वविद्यालय के प्रोफेसर 'थियोडोर बर्जर' ने एक ऐसी चिप तैयार की है जो दिमाग के एक खास हिस्से'हिप्पोकैंपस' का स्थान लेगी। हिप्पोकैंपस दिमाग का वह हिस्सा होता है, जो कि अल्प समय की यादों और उनको पहचानने की समझ को नियंत्रित करता है। यह कृत्रिम दिमाग अल्जाइमर और पक्षाघात से ग्रसित लोगों के लिए वरदान होगा। इसे कुछ वैज्ञानिकों द्वारा 'सुपर ब्रेन' की संज्ञा भी दी गयी है।





दिनों इस्तेमाल किया जा सकेगा।यह बिल्कुल असली किडनी की तरह काम करेगी। यह किडनी पोर्टेबल होगी और हल्की इतनी कि यह आपके बेल्ट सिस्टम में आराम से फिट हो


का हल ढूंढ लिया है। शोधकर्ताओं 'मार्टिन रॉबर्टस' और 'डेविड बी0एन0ली0' ने ऐसी किडनी डिजाइन की है जो कि डायलिसिस से काफी बेहतर होगी, क्योंकि इस 24 घंटे, सातों डायलिसिस पर रखा जाए। दोनों ही प्रक्रियाएं खासी जटिल हैं। जहां किडनी मिलना उतना आसान नहीं है, वहां डायलिसिस प्रक्रिया भी जटिल होती है। शोधकर्ताओं ने इस समस्या किडनी फेल होने के बाद उस समस्या से निपटने के लिए सामान्यतः दो ही विकल्प अपनाए जाते हैं। एक तो किसी अन्य व्यक्ति से किडनी ली जाए या लंबे समय तक जाए। साथ ही इसे बदला भी जा सकेगा। इसके छोटे आकार और ऑटोमेटिक होने के कारण इस 'ऑटोमेटेड वियरेबल आर्टिफिशियल किडनी' (ए0 डब्लू0 ए0 के0) नाम दिया गया है।



कई कारणों से लोगों को घुटने बदलने की सलाह दी जाती है। लेकिन यह आसान काम नहीं है। वर्तमान में बायोटिक शोधकर्ताओं 'हैरी' और 'वाइकेनफेल्ड' ने ऐसे घुटने बनाये हैं, जो कि बिल्कुल असली घुटनों की तरह व्यवहार करेंगे। इन घुटनों में लगे सेंसर इस बात की जांच करेंगे और सीखेंगे कि इन्हें इस्तेमाल करने वाला कैसे चलता है और चलते वक्त वह अपने शरीर का इस्तेमाल कैसे करता है जिससे इन कृत्रिम घुटनों के सहारे चल सकना बेहद आसान होगा। बेकार हो चुके अंग के




लिए किया जाता है। 'डॉ0 टॉड कुकिन' ने यह कारनामा संभव कर दिखाया है। उन्होंने बायोनिक बांह को दिमाग से स्वस्थ मोटर कोशिकाओं द्वारा जोड़ दिया। जिनका इस्तेमाल रोगी के बांह रहित लोग अपनी कृत्रिम बांह का इस्तेमाल बिल्कुल असली बांह की तरह अपने विचारों की शक्ति द्वारा कर सकेंगे। रिहेबिलिटेशन इंस्टीट्यूट ऑफ शिकागो के





वैज्ञानिक कृत्रिम पैंक्रियाज बनाने में लगे हैं। कुछ ही वर्षों में आप ऐसे पैंक्रियाज पा सकेंगे, जो किसी व्यक्ति के खून की मात्रा को माप सकने में सक्षम होंगे और साथ ही उसके शरीर के अनुरूप इंसुलिन की मात्रा में बदलाव कर सकने में सक्षम होंगे। जुवेनाइल डाइबिटीज रिसर्च फांउडेशन के स्ट्रेटेजिक रिसर्च प्रोजेक्ट के निदेशक 'ऑरीन कोवालस्की' न ऐसा डिवाइस तैयार की है जो कि वर्तमान में चल रही तकनीकों का मिश्रण है। इसकी इंसुलिन पंप और दूसरी ग्लूकोज मीटर है। इसकी सहायता से सहस्त्राब्दि की सबसे बड़ी बीमारी

डायबिटीज को नियंत्रण में लाया जा सकेगा और साथ ही ब्लड शुगर की वजह से होने वाले साइड इफेक्ट कम किये जा सकेंगे। टक्सर ऐसा होता है कि आपके शरीर जिस हिस्से में दर्द हो रहा होता है, उसे सही करने के लिए उस पूरे हिस्से के लिए दवाई दी जाती है। लेकिन कभी–कभी वह उस हिस्से के इंफेक्शन को पूर्ण तौर से सही कर पाने में सक्षम नहीं होता है।'पेंसिलवेनिया विश्वविद्यालय', अमेरिका के बायोइंजीनियरिंग विषय के 'प्रोफेसर




डेनियल हैमर' ने इसके लिए बेहतर तरीका खोज निकाला है। पॉलीमर से बनी कृत्रिम कोशिकाओं को सफेद रक्त कोशिकाओं से मिला दिया जाएगा। इन कृत्रिम कोशिकाओं को 'सी' नाम दिया गया है। यह कृत्रिम कोशिकाएँ दवाई को शरीर के उस हिस्से में सीधे ले जाएंगी, जहां उसकी आवश्यकता है। यह बेहद आसान और सुरक्षित तरीका होगा। इससे कैंसर सहित कई भयावह बीमारियों का मुकाबला किया जा सकेगा।





डॉ0 जेराल्ड लीएब', जो कि दक्षिणी केलिफोर्निया, अमेरिका के एक विश्वविद्यालय में शोधकर्ता हैं, अपनी टीम के साथ बायोन नामक एक ऐसी तकनीक पर कार्य कर रहे हैं, जिसका उद्देश्य लकवाग्रस्त मॉंस–पेशियों में जान फूंकना है। यह बायोन ऐसे विद्युत

उपकरण हैं जोकि मानव शरीर में उसी जगह एक सुई की मदद से इंजेक्ट करे जा सकते हैं जहॉ पर इसकी जरूरत हो। इसकी शक्ति का स्रोत–रेडियो लहर है जिसे मरीज द्वारा पहने गए बाहरी नियंत्रक से समर्थ बनाया जा सकता है।

मस्तिष्क–मशीन सहयोग (इंटरफेस) मानव मस्तिष्क एक बहुत ही जटिल यंत्र है जिसे समझने के लिए बहुत शोध चल रहे हैं। अगर किसी अपंग व्यक्ति के कुछ अंग कार्य करना बन्द कर दें, परंतु दिमाग कार्यशील रहे तो यह यंत्र उस मनुष्य को तांत्रिक संकेतों द्वारा एक उपजाऊ जिन्दगी जीने की राह दिखा सकता है। ब्रेनगेट एक ऐसी तकनीक है जिसके द्वारा एक लघु चिप दिमाग में लगा दी जाती



है जो कि मनुष्य के विचार एक कम्प्यूटर पर भेज देती है और उन्हीं वैचारिक संकेतों द्वारा कम्प्यूटर पर ई–मेल भेजा जा सकता है और कम्प्यूटर पर गेम भी खेले जा सकते हैं, सिर्फ सोचने मात्र से ही।शोधकर्ताओं ने सौर ऊर्जा को तरल ईंधन में परिवर्तित करने के क्रम में सूरज की रोशनी का उपयोग करने वाली 'बायोनिक पत्ती' का आविष्कार किया है। जीवाणु (रैल्सटोनिया यूट्रोफा), इस काम को अंजाम देता है और कार्बन डाई आक्साइड के साथ–साथ हाइड्रोजन का रूपांतरण सीधे उपयोग में आने वाले तरल ईंधन (आइसोप्रोपेनॉल) में कर देता है। शोधकर्ताओं का यह कदम ऊर्जा से भरपूर दुनिया बनाने की दिशा में मील का पत्थर है।




बायोनिक्स पर काम करने वाले जीव विज्ञानी, इंजीनियरों, आर्किटेक्ट्स, रसायन शास्त्रियों, भौतिक विज्ञानियों से लेकर धातु विज्ञानियों के साथ मिलकर काम करते हैं।
जर्मन वैज्ञानिक इस समय बीटल नाम के कीड़े के पंखों से प्रेरणा लेकर बेहद हल्के कन्स्ट्रक्शन एलिमेंट बना रहे हैं। प्रकृति अभी भी सबसे अच्छी इंजीनियर है। वह हड्डियों और सींग जैसी हल्की लेकिन ठोस संरचना बना पाती है और भौरे के जैसे हल्के पंख भी।





बायोनिक वैज्ञानिक प्रकृति से प्रेरणा लेकर हल्के विमान बनाने की तैयारी में लगे हैं।

विक्टोरिया वॉटर लिली की पत्ती जितना नाजुक दिखता है उतना ही मजबूत भी होती है। उदाहरण के तौर पर विक्टोरिया बड़ी आसानी से एक छोटे बच्चे का भार उठा सकता है। इससे बड़े आकार की पत्ती व्यस्क का भार भी उठा सकती है। एरोस्पेस इंजीनियरों ने पहले 3 डी स्कैनर की सहायता से विक्टोरिया की नाजुक संरचना को स्कैन किया। फिर इस डाटा को कम्प्यूटर प्रोग्राम मे डाला। कम्प्यूटर इसका आंकलन करता है भार को संभालने के लिए कुल संरचना कैसी होनी चाहिए। कुछ ऐसा ही वाटर लिली करता है। पत्तियों के निचले तह पर तना मोटा और सघन होता है।



यह वह हिस्सा है जहां वाटर लिली पर ज्यादा दबाव पड़ता है। जिन हिस्सों पर कम दबाव होता है वहां तनों के बीच ज्यादा दूरी होती है और तने पतले भी होते हैं। इस सिद्धान्त से प्रेरणा लेकर हल्के विमान का एयरप्लेन स्पॉयलर तैयार किया गया है जो कि वॉटर लिली के मॉडल से प्रोरित है। यह बेहद हल्की लेकिन बड़े काम की संरचना है जिसे किसी और तरीके से बनाना शायद संभव न होता। बायोनिक्स की तकनीक अपनाकर वैज्ञानिकों ने इसे संभव कर दिखया है। इस प्रकार स्पष्ट है कि बायोनिक्स प्रकृति की तकनीक को आम जिंदगी में अमल में लाने की विधा है। जिसके उपयोग से मानव जिन्दगी को और बेहतर एवं सुविधाजनक बनाया जा सकता है।


Writer/ लेखक:- Dr Deepak Kohli
Dept./ विभाग:-
E-mail/ ई–मेल:- deepakkohli64@yahoo.on
Cont./ सम्पक:- +91-9454411037

Multidimensional Nano Science Magazine
बहुआयामी नैनोविज्ञान पत्रिका
Article Field / लेख क्षेत्र
Memb. ID No. U.P320522266010DK01011986
Ref. No. 10DEC2018LKO000076

# सेहत का शत्रु है स्मॉग (धुंध)


आजकल समाचार पत्र हो या सोशल मीडिया स्मॉग शब्द हर जगह दिखायी व सुनायी देता है। आखिर ये स्मॉग है क्या ? दरअसल स्मॉग एक तरह का वायु प्रदूषण है एवं यह शब्द स्मोक ( धुआँ ) और फॉग ( कोहरा ) से मिलकर बना है। स्मॉग शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम 1905 में इंग्लैण्ड के वैज्ञानिक डॉ0 हेनरी ने किया था।


प्राकृतिक घटनाओं या मानवीय गतिविधियों के कारण वातावरण में व्याप्त हानिकारक रसायन वायु को प्रदूषित करते हैं। ये वायु प्रदूषक यदि वातावरण में उत्सर्जित होते हैं, तो प्राथमिक प्रदूषक कहलाते हैं और यदि अन्य प्रदूषकों से प्रतिकिया करके हानि पहुंचाते हैं, तो ये द्वितीयक प्रदूषक कहलाते हैं। प्रमुख वायु प्रदूषकों में पर्टिकुलेट मैटर (यथा–धूल, मिट्टी, एसिड के कण), नाइट्रोजन आक्साइड, सल्फर डाई ऑक्साइड, कार्बन डाई ऑक्साइड, कार्बन मोनो ऑक्साइड आदि प्रमुख हैं। इसके अलावा वाहनों से निकलने वाला धुआं, कारखानों और कोयले, पराली आदि के जलने से निकलने वाला धुआं इस तरह के वायु प्रदूषण का मुख्य कारण होता है। सर्दी के मौसम में हवाएं थोड़ी सुस्त होती हैं। ऐसे में डस्ट पार्टिकल्स और प्रदूषण वातावरण में स्थिर हो जाता है, जिससे स्मॉग जैसी समस्या उत्पन्न होती है।



कोहरे के साथ मिलकर ये प्रदूषक ( धुआं ) एक तरह की चादर बना लेते हैं। इस कारण ये प्रदूषक कण वातावरण में घुलने के बजाय इसी वातावरण में बने रहते हैं, जिसमें हम सांस लेते हैं और ये हमारे स्वास्थ्य को नुकसान पहुँचाते हैं।

स्मॉग के मुख्य निशाने पर बच्चे, वृद्ध दिल व फेफड़े के मरीज और डायबिटीज के साथ जीवन जी रहे लोग होते हैं। इन प्रदूषकों के विषैले प्रभाव के कारण दमा, फेफड़े का कैसर, सिर दर्द आदि बीमारियां होती हैं। स्मॉग से सिरदर्द आदि बीमारियां होती हैं। स्मॉग से सिरदर्द और माइग्रेन का दौरा भी पड़ सकता है। इसके अलावा लंबे समय तक प्रदूषित वातावरण के संपर्क में रहने से खुजली और त्वचा का कैंसर भी हो सकता है।





यह प्रदूषण प्रमुख रूप से सांस के पुराने मरीजों, बच्चों, वृद्धों, धुम्रपान करने वालों और गर्भवती महिलाओं के लिए खास तौर पर हानकारक होता है।यह स्मॉग सांस की अनेक बीमारियों का कारक है। जैसे दमा और सी0ओ0पी0डी0 ( क्रॉनिक ऑब्स्ट्रक्टिल पल्मोनरी डिसीज ) आदि।

लंबे समय तक प्रदूषित वातावरण के संपर्क में रहने से फेफड़े का कैंसर भी हो सकता है। स्मॉग का असर आंखों पर भी होता है। इसके कारण आंखों में कुछ समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं, जेसे– आंखों में जलन होना, नेत्रों में खुजली की समस्या, आंखों में लालिमा आना, आंखों से पानी बहना, देखने में दिक्कत होना आदि।

जो लोग उच्च रक्त चाप और हृदय रोगों की दवाएं ले रहे हैं। उन्हें स्मॉग से जहां तक संभव हो, बचना चाहिएं स्मॉग का हृदय और मस्तिष्क की धमनियों पर इतना प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है कि इसके कारण हार्ट अटैक और स्ट्रोक की आशंका बढ़ जाती है। स्मॉग में मिश्रित प्रदूषक तत्वों से हृदय की धमनियों में संकरापन आ सकता है और रक्त गाढ़ा हो जाता है। इस वजह से रक्त का थक्का ( ब्लड क्लॉट ) बनने लगता है, जो हार्ट अटैक का कारण बन सकता है स्मॉग से रक्त चाप बढ़ सकता है, कोरोनरी आर्टरी डिसीज और एंजाइना होने का जोखिम भी बढ़ जाता है।




**स्मॉग से बचाव के लिए निम्नलिखित तरीके अपनाये जा सकते हैं**

1.सुबह सैर पर न जाएं। घर पर ही व्यायाम कर लें। ऐसा इसलिए कि सुबह के समय स्मॉग का प्रभाव अधिक होता है और हानिकारक प्रदूषक कण फेफड़ों में प्रवेश कर सकते हैं।

2.जब भी घर से बाहर निकलें तो एन–95 मॉस्क का प्रयोग करें। यह मॉस्क 0.3 माइक्रॉन से छोटे लगभग 95 प्रतिशत कणों को फिल्टर कर देता ळें




3.अपने घर को रोजाना वैक्यूम क्लीनर से सॉफ करें, ताकि धूल के कण जमा न हो पाएं। घर में एयर प्यूरीफायर जरूर लगाएं। इससे कम से कम अपने घर में किसी सीमा तक वायु को शुद्ध रख सकेंगे।




4.ऐसे पौधे जो वायु प्रदूषण को कम करने में सहायक हैं को घर में गमलों में लगाया जा सकता है। इनडोर प्लांट्स जैसे–एरीका पॉम, मनी प्लांट,स्नेक प्लांट, ड्रेसीना आदि घर की वायु को शुद्ध करनेमें सहायक होते हैं।

5.ऐसे फलों और सब्जियों को अपने आहार में स्थान देना चाहिए जो विटामिन सी, मैग्नीशियम, ओमेगा 3 फैटी ऐसिड से भरपूर हों। ऐसे भोज्य पदार्थ संक्रमण से लड़ने में मदद करते हैं एवं शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को सशक्त बनाते हैं।

6.सार्वजनिक परिवहन, बाइकिंग और पैदल चलने का उपयोग करके ड्राइविंग को सीमित करें।

7.किचन में खाना बनाते समय एग्जॉस्ट चलाएँ। किचन चिमनी के एयर फिल्टर को समय–समय पर बदलें।



8.शाम को घर पहुँचकर गर्म पानी से भाप लें, जो सांस की नली को साफ करने का काम करती है।

9.कृत्रिम वर्षा और पानी के छिड़काव से भी स्मॉग की समस्या से निजात पाया जा सकता है।

दिल्ली–एनसीआर तो स्मॉग की समस्या से ग्रसित ही हैं लेकिन इसके अलावा हरियाणा, पंजाब और उत्तर प्रदेश के भी कई शहर इसकी चपेट में आए हैं। सामान्यतः वायु गुणवत्ता सूचकांक ( Air Quality Index ) 150 से अधिक होने पर हवा को प्रदूषित माना जाता है। दिल्ली–एनसीआर के अनेक क्षेत्रों में यह 1000 का आंकड़ा पार कर चुका है। भारतीय मेडिकल ऐसोसिएशन ने तो सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात स्थिति घाषित कर दी थी एवं दिल्ली सरकार ने पांचवी तक के स्कूलों की छुट्टी भी कर दी थी। इसी से स्थिति की गंभीरता का अनुमान लगाया जा सकता है। दिल्ली की हवा इतनी ज्यादा खराब हो चुकी थी कि इसे ' गैस चैंबर ' भी कहा गया। हवा चलने एवे बारिश होने पर स्मॉग की समस्या से राहत मिल सकती है।

**Air Quality Index - Particulate Matter**

| | |
|---|---|
| 301 – 500 | Hazardous |
| 201 – 300 | Very Unhealthy |
| 151 – 200 | Unhealthy |
| 101 – 150 | Unhealthy for Sensitive Groups |
| 51 – 100 | Moderate |
| 0 – 50 | Good |

| COLOUR CODING | AQI Range Index | $O_3$ (8h avg) (ppb) | CO (8h avg) (ppm) | $NO_2$ (24h avg) (ppb) | $PM_{10}$ (24h avg.) (µg/m3) | $PM_{2.5}$ (24h avg (µg/m3) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Good | 0 - 100 | 0 - 50* | 0 - 1.7* | 0 - 42* | 0 - 100* | 0 - 60* |
| Moderate | 101 - 200 | 51 - 98 | 1.8 - 10.3 | 43 - 94 | 101 - 150 | 61- 90 |
| Poor (Unhealthy for sensitive group) | 201 - 300 | 99 -118 | 10.4 - 14.7 | 95 - 295 | 151 - 350 | 91-210 |
| Very Poor | 301 - 400 | 119 - 392 | 14.8 - 30.2 | 296 - 667 | 351 - 420 | 211 - 252 |
| V. Unhealthy | 401- Above | 393*- Above | 30.3- Above | 668- Above | 421- above | 253- above |

वायु प्रदूषण की देन, स्मॉग का खतरनाक शत्रु है एवं शनैः मनुष्य की आयु को कम कर रहा है। हम अपने आस–पास के वातावरण को स्वच्छ बनाकर इस समस्या के निदान में अपना योगदान दे सकते हैं। बूंद–बूंद से जैसे घड़ा भरता है, वैसे ही यदि प्रत्येक मनुष्य पर्यावरण को स्वच्छ एवं हरा–भरा बनाने का संकल्प ले लें तो हम एक अरब तीस लाख भारतवासी अपने देश को स्मॉग जैसे सेहत के शत्रु को समूल नष्ट कर सकते हैं।


Writer/ लेखक:- Dr Deepak Kohli
Dept./ विभाग:-
E-mail/ ई–मेल:- deepakkohli64@yahoo.on
Cont./ सम्पक:- +91-9454411037


# नैनो तकनीकी /भविष्य विज्ञान (नैनो विज्ञान)

**नैनो तकनीकी की सुरआत कहाँ से हुयी** नैनों सांइस और नैनोटेक्नोलॉजी के **पीछे** विचार औ रअवधारणाएं, 29 दिसंम्बर 1959 को कैलिफोर्निया इंस्टीट्यूयट ऑफ टेक्नोलॉली ;( CalTech) मे ं एक अमेरिकी भौतिक सोसाइटी की बैठक मे ं भौतिकषास्त्री रिचर्ड फेनमैन ने अपने एक ब्याख्यान मे ंकहा था There's Planety of Room at the Bttom और यही वाक्य आगे चलकर नैनोटेक्नोलॉजी का आधारस्तम्भ बना, अपने भाशण में ,फेनमैनने एक प्रक्रिया का वर्णन भी किया जिसमे ं वैज्ञानिक अलग– अलग परमाणुओऔ अणुओ ं को हेरफेर करने और नियंत्रित करने मे ं सक्षम होंगे. रिचर्ड ने अपनी कल्पना मे ं आने ं वाले कल का सामना देखा था। लेकिन तब तक उनके पास न तो इतने आधुनिक और सक्षम उपकण थे और न ही इतनी उन्नत सुविधाएँ। उनके लिए अणु–परमाणुओ **से** खेलना उतना आसान नही था, जितना आज हमारे लिए है ,एक दषक बाद, अत्याधुनिक मषीनिंग के अपने अन्वेशण में ,प्रोफेसर नोरियो तनिगुची ने नैनोटेक्नोलॉजी षब्द का प्रयोग किया गया था।




**क्या है नैनो तकनीकी** नैनो एक ग्रीक षब्द है, जिसका षाब्दिक अर्थ है सूक्ष्म छोटा या बौना और नैनो ऐसे पदार्थ है जो अति सूक्ष्म आकार वाले तत्वो **से** बने होते है ,अर्थात यह टेक्नोलाजी वह अप्लाइड सांइस है ,जिसमे ं 100 नैनो मीटर **से** छोटे पार्टिकल्स पर भी काम किया जाता है ,नैनो टेक्नोलॉजी अणुओ ं व परमाणुओ ं की इंजीनियरिंग है ,जो भौतिकी , रसायन , बायोइन्फॉर्मेटिक्स व बायो टेक्नोलाजी जैसे विशयो ं को आपस मे ं जोडती है । क्या आप जानते है कि इस टेक्नोलाजी की मदद **से** बायो सांइस, मेडिकल सांइस, इलेक्ट्ानिक्स आदि मे ं कातिकारी बदलाव लाया जा सकता है क्यों कि **इससे** किसी भी वस्तु को हल्का, मजबूत और भरोसेमंद बनाया जा सकता है ,यही कारण है की यह तकनीकी तेजी से आगे बढ रही है ,ऐसा कहना गलत नही होगा की नैनो टेक्नोलॉजी सांइस का वो . रुप **है जिसके** कारण मोबाइल नाखून जितना छोटा या ऐसी मषीने ं जो षरीर के अन्दर छोटे– छोटे कणो ं मे ं जाकर ऑपरेषन कर सके , हेना हैरान करने वाली बात परन्तु इस टेक्नोलाजी से यह सब सम्भव है।

**क्या है नैनो तकनीकी का मौलिक सिद्धांत** यह कल्पना करना भी कठिन हे ै कि कितनी छोटी नैनो टेक्नोंलॉजी होती है, एक नैनो मीटर एक



बिलियन मीटर होता है, या 1 नैनो मीटर $10^{-9}$ मीटर , उदाहरण है:
एक इंच मे ं 25,400,000 नैनो मीटर होते है :
अखबार की एक षीट लगभग 100,000 नैनोमीटर होती है:
एक तुलनात्मक पैमाने पर, यदि एक संगमरमर एक नैनो मीटर का है, तो एक मीटर पृथ्वी का आकार होगा , सोचिये! नैनोसाइंस और नैनो टेक्नोलॉजी मे ं परमाणुओ ं और अणुओ ं को देखने और नियंत्रित करने की क्षमता होती है ,पृथ्वी पर सब कुछ परमाणुओ ं **से** ही तो बना होता है –चाहे वो खाना हो जो हम खाते है ,जो कपडे ं पहनते है ,इमारते ं और घर हमारा षरीर आदि लेकिन आंखो की मदद **से** परमाणु को देखना असंभव है, यहाँ तक की माइक्रोस्कोप से भी नही देखा जा सकता है।



नैनोस्केल में चीजों को देखने के लिए आवष्यक सूक्ष्मददर्षी माइक्रोस्कोप का लगभग 30 साल पहले ही आविश्कार हुआ था। स्कैनिंग टनलिंग माइक्रोस्कोप ( एसटीएम) और परमाणु बल माइक्रोस्कोप (एएफएम) के साथ ही नैनो टेक्नोलॉजी का भी जन्म हुआ थां



**क्या होगीं कोर्स की योग्यताएं**


नैनोटेक्नोलॉजी में अगर करियर बनाना है, तो तैयारी 12वीं से ही करनी होगी। बारहवीं की परीक्षा भौतिकी, रसायन, और जीव विज्ञान या गणित से उत्तीर्ण होनी चाहिए। क्योंकि इसके बाद ही आप ग्रैजुएषन में साइंस रख पाएंगे। यही नैनोटेक का आधार है। जिन छात्रों ने मेकेनिकल, केमिकल, इलेक्ट्रानिक्स, बायोटेक्नोंलॉजी, कंप्यूटर साइंस जैसे विशयों से एम; M.Tech) टेक किया हो वे भी इस क्षेत्र से जुड सकते हैं कोर्स और योग्यता; समय के साथ– साथ करियर के विकल्प बढ गए है।

नैनोटेक्नोलॉजी में पीजी करने के लिए भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान व गणित में 50 प्रतिषत के साथ स्नातक या एमटेक नैनोटेक्नोलॉजी में बनाएं अपना करियर। नई इबारत नई मंजिल इलेक्ट्रानिक्स ऐंड कम्प्यूटर साइंस में से भी विशय से बीटेक की डिग्री आवष्यक है।

**कहाँ होगा नैनो का उपयोग** नैनो टेक्नोलॉजी का कार्य क्षेत्र बहुत ही व्यापक और विस्तृत है। आज हर क्षेत्र में इस टेक्नॉलॉजी का प्रयोग किया जा रहा है। इंजीनियरिंग साइंस, मैटेरियल साइंस इंस्टूमेंटेषन, डिवाइस फेब्रिकेषन और ड्रग डिलीवरी सिस्टम ; में होनी वाली हर नई खोज का कम से कम एक कंपोनेंट नैनो टेक्नोलॉजी से संबंधित होता है। दुनिया का शायद ही कोई क्षेत्र इससे अछूता रहा हो। बायो–मेडिकल अनुसंधान में तो नैनोमेडिसीन ने जैसे करिष्मा कर दिखाया है और इस करिष्में के पीछे हैं छोटे–छोटे नैनोपार्टिकल्स कोषिकाओं में ये पार्टिकल्स बडे आराम से, बेरोक– टोक घूम–फिर सकते हैं। खाद्य सामग्री निर्माण, संसाधन, सुरक्षा और डिब्बाबंदी का प्रत्येक चरण नैनोटेक्नोलॉजी के बिना अधूरा है। सूक्ष्मजीव प्रतिरोधक लेंप (नैनोपेंट) भोजन को लम्बे समय तक खराब होने से बचातें है। भोजन में होने वाले जैविक और रासायनिक परिवर्तनों की पहचान और उपचार अब बहुत आसानी से किया जा सकता है। आसानी से साफ होने वाले तथा खरोंच प्रतिरोधी पौधों की पोशक पदार्ध ग्राहक क्षमता बढाने वाले और रोंगों से बचाने वाले नैनो प्रोडक्टस निश्रित ही कृशि क्षेत्र में क्रान्ति ला देंगे। अब बाजार में ऐसे नैनोलोषन भी आ गए है, जो केवल आपकी कोषिकाओं कों जवान और तंन्दुरुस्त बनाएगें, बल्कि बुढापे और बीमारियों से भी आपको कोंसो दूर रखेंगें।




नैनो टेक्नोलाजी की मदद से नैनो आकार में पदार्थ को नियंत्रित करके कई ऐसे अनुप्रयोग किये जा सकते है जो सामान्य दषा में सम्भव नही होते है, नैनोटेक्नोलॉजी में काम आने वाले पदार्थो को नैनोमैटेरियल्स कहा जाता है।



## क्या होंगी नैनो की परियोजनाएं

वर्श 2003 के अन्त में भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी द्वारा कोलकाता में इंटरनेषनल कान्फ्रेन्स ऑन नैनो साइंस एंद टेक्नोलॉजी का आयोजन किया गया था । बैंगलोर स्थित जवाहर लाल नेहरु सेंटर फॉर एडवांस साइटिफिक रिसर्च में नैनो विज्ञान पर उल्लेखनीय कार्य किये जा रहें है, यहां से 1.5 नैनो मीटर व्यास की नैनो ट्यूब तैयार की गयी पुणे स्थित राष्ट्रीय रसायन प्रयोगषाला द्वारा नैनो कणों की दिषा में महत्वपूर्ण योगदान दिया गया है, यहां नीम आधारित स्नव के प्रयोग हुए क्रायोजन मेंटल और बायोमेटलिक नैनो कणों का निमार्ण किया गया है, केंन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियरिंग संस्थान, नई दिल्ली स्थित केंन्द्रीय प्रयोगषाला जैसे देष के विभिन्न संस्थान व विष्वविद्यालय भी नैनो तकनीक की दिषा में षोधरत है। नेसकॉम की रिपोर्ट के मुताबिक नेनोटेक्नोलॉजी का अनुमानित बाजार 2015 तक 180 अरब डॉलर से बढ़ कर 891 अरब डॉलर हो जाएगा। इसके साथ ही दुनिया भर में 102 करोड़ नए रोजगार पैदा होंगे जिसमें एक बड़ा हिस्सा भारत का होगा। अमेरिका जापान और चीन के बाद भारत इस क्षेत्र में शोध पर सबसे अधिक निवेश करने वाला देश है। फिलहाल 400 से अधिक कंपनियां इस प्रौद्योगिकी पर आधारित 1000 से अधिक वस्तुएं बाजार में उतार चुकी हैं। भारत की तीस से सैकड़ों करोड़ के नैनो उत्पादों को अमेरिका, जर्मनी और पोलैंड जैसे देशों को निर्यात कर रही हैं। बेंग्लुरू में बन रहा नैनोएस एंड टी पार्क देश को - विश्व के नैनो टेक्नोलॉजी बाजारमें स्थापित करेगा।

## कहाँ मिलेंगी नैनो की नकारियाँ


यह क्षेत्र देखने में भले ही आकर्शक हो, लेकिन इस क्षेत्र में चुनौतियां भी कम नही है। रिसर्च को तवज्जो दी जाती है। इस क्षेत्र में करियर की अपार संभावनाएं मौजूद है। आप नेनौ मेडिसिन, बायोइन्फोमेंटिक्स, स्टेम **सेल** डवलपमेंट नैनो टाक्सीकोलाजी और नैनो पावर जनरेटिंग सेक्टर में संभावनाएं तलाष कर सकते है। इसके अतिरिक्त इस क्षेत्र के छात्रों के लिए हेल्थ इंडस्ट्री, एग्रिकल्चर, एन्वायरनमेन्ट इंडस्ट्री, स्पेस रिसर्च, प्रोइवेट डेवलपमेंट, जेनेटिक्स, प्राइवेट रिसर्च इंस्टीटयूट, बायोटेक्नोंलॉजी, फोंरेसिक साइंस जैसे क्षेत्रों में भी काफी अवसर है। आप चाहें तों टेक्सटाइल इंडस्ट्री, फार्मास्युटिकल कंपनियों में भी नौकरी की तलाष कर सकते हैं।

## क्या होगी शैलरी

वेतन आपकी योग्यता और अनुभव पर निर्भर करता है। इस क्षेत्र में कमाई की कोई सीमा नही है। दिनोंदिन बढती नैनो टेक्रोलाजिस्ट की मांग ने इस क्षेत्र में कमाई के भी कई अवसर खोले है। वैसे, आपका वेतन आपकी कंपनी पर निर्भर करता है। सरकारी सेक्टर में एक एमटेक व्यक्ति 30 हजार रुपये प्रतिमाह आसानी से कमा सकता है। इस प्रकार कहा जा सकता है कि यह फयूचर के साथ–साथ वर्तमान का करियर है। यदि इससे संबंधित **डिग्री डिप्लोमा** कोर्स कर लेते है, तो आपको बेहतर सैलरी अवष्य मिलेंगी

## कहाँ कहाँ है प्रमुख संस्थान

इडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, कानपुर, दिल्ली, मुम्बई
जामिया मिलिया ऑफ इस्लामिया, नई दिल्ली
नेषनल फिजिकल लेबोरेट्री, नई दिल्ली
गुरु गोबिंन्द सिंह यूनिवर्सिटी, दिल्ली
गुरु जम्भेष्वर यूनिवर्सिटी, हरियाणा
ऐमिटी इंस्टीट्यूट ऑफ नैनोटेक्नोलॉजी, नोएडा
इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस, बेंगलुरु
मौलाना आजाद नेषनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, भोपाल
अमृता सेंटर फॉर नैनोसाइंस, कोच्ची
जवाहरलाल नेहरु सेंटर फॉर एंडवांस साइंटिफिक रिसर्च , बेंगलुरु
**आई॰एन॰एस॰टी॰ मोहाली**






Writer/ लेखक:- K.M.Amish
Dept./ विभाग:- Rsearch Society Lucknow
E-mail/ ई–मेल:- khanmohdamish86@gmail.com
Cont./ सम्पक:- +91-9918422098

Multidimensional Nano Science Magazine
बहुआयामी नैनोविज्ञान पत्रिका
Article Field / लेख क्षेत्र
Memb. ID No. U.P.3105872262701SAA23021989
Ref. No. 01JAN2018LMP00002


# ज़ीका वाईरस (विषाणु)

जिकाविषाणु फ्लाविविरिडए विषाणु परिवार से है। जो दिन के समय सक्रिय रहते हैं। इन्सानों में यह मामूली बीमारी के रूप में जाना जाता है, जिसे जिका बुखार, जिका या जिका बीमारी कहते हैं। 1947 के दशक से इस बीमारी का पता चला। यह अफ्रीका से एशिया तक फैला हुआ है। यह 2014 में प्रशांत महासागर से फ्रेंच पॉलीनेशिया तक और उसके बाद 2015 में यह मेक्सिको, मध्य अमेरिका तक भी पहूँच गया।



## क्या है जिका का इतिहास


वर्ष 1947 में पीले बुखार का शोध कर रहे पूर्वी अफ्रीकी विषाणु अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिकों को जिका के जंगल में *रीसस मकाक* (एक प्रकार का लंगूर) को पिंजरे में रख कर अपना शोध कर रहे थे। उस बंदर को बुखार हो जाता है।1952 में उसके संक्रामक घटक को जिका विषाणु नाम से बताया गया। यह इसके बाद नाइजीरिया में वर्ष 1954 में एक मानव से निकाला गया था। इसके 2007 में खोज होने से पहले इससे संक्रमण के मामले अफ्रीका और दक्षिण पूर्व एशिया में बहुत कम थे। अप्रैल 2007 में इसका प्रभाव पहली बार अफ्रीका और एशिया के बाहर देखने को मिला। यप नामक एक द्वीप में लाल चकत्ते, नेत्रश्लेष्मलाशोथ, और जोड़ों के दर्द के रूप में इसका असर दिखा, जिसे सामान्यतः डेंगू या चिकनगुनिया समझा जा रहा था। लेकिन जब बीमार लोगों के रक्त का परीक्षण किया गया तो उनके रक्त में जिका विषाणु का आरएनए पाया गया। अब तक इसके 49 मामलों की पुष्टि हो चुकी है और जबकि 59 मामले की पुष्टि नहीं हुई और किसी के भी मरने की या अस्पताल में रखने की जानकारी नहीं है/ याप ) नामक एक सिटी मे हुआ उसके बाद अगली . बार यह 2013 मे, एक के बाद इस वायरस का प्रकोप फैलता हुआ,फ्रेंचपोलीनीशिया)FrenchPolynesia) तथा अमेरिका के ब्राज़ील और कोलोम्बिया )Brazil and Colombia) व अफ्रीका के केप वेर्डे )Cape Verde) मे भी देखा गया जोकि, बहुत ही खतरनाक साबित हुआ . शुरू मे इसके110 केस सामने आये, जिसमे से लगभग 50 की पुष्टि हुई तथा रिपोर्ट पॉजिटिव आई, जबकि 60 रिपोर्ट नेगेटिव भी आई .2015 मे पुनः ब्राज़ील मे इस बीमारी का प्रकोप बढता हुआ दिखाई दिया तथा तीव्रता से फैलने लग इसका असर . 2016 के प्रारंभ मे दिखा तथा इसके मरीजो की संख्या लगभग 3000 तक पहुची




## क्या है जिका के लक्षण

Zika Virus इसके वायरस डेंगू जैसे ही होते है, इसमे भी व्यक्ति को हाथ-पैर मे दर्द, बुखार, लाल दाग जैसे होते है. ऐसा वायरस अभी, बहुत ज्यादा फैल रहा है जोकि, लगभग 21 से अधिक देशो मे फैल चूका है. ख़ासकर गर्भवती महिलाओं मे, इसके लक्षण देखे जा रहे है. यह वायरस इतना खतरनाक है कि अगर किसी गर्भवती महिला को हो जाए तो गर्भ में पल रहे बच्चे को भी यह बुखार हो सकता है। जिस वजह से बच्चे के सिर का विकास रुक सकता रूक सकता है और वर्टिकली ट्रांसमिटेड इंफेक्शन भी फैल सकता है। वर्टिकली ट्रांसमिटेड इंफेक्शन में स्किन रैशेज़ या दाग पीलिया लिवर से जुड़ी बीमारियां अंधापन दिमागी बीमारी ऑटिज्म सुनने में दिक्कत और कई बार बच्चे की मौत भी हो सकती है। यह पीड़ित के तंत्रिका तंत्र (नर्वस सिस्टम) पर हमला करता है। इस वजह से सांस लेने में दिक्कत या कमजोरी की शिकायत हो सकती है। गंभीर मामलों में

वायरस मौत या लकवे का सबब भी बन सकता है। **लक्षण डेंगू बुखार की ही तरह होते हैं।अधिकांश मामलों ) 60 - 80 %) में कोई लक्षण नहीं दिखते। यदि कुछ लक्षण दिखते हैं तो वे लक्षण अमूमन इस प्रकार के हो सकते हैं बुखार, लाल आँखें, जोड़ों में दर्द, सिरदर्द लाल चकत्ते/आम तौर पर लक्षण हल्के और 7 दिनों से भी कम रहते हैं।**




## क्या है मुख्य तथ्य

जीका वायरस रोग मुख्य रूप से एडीज मच्छरों द्वारा प्रसारित एक वायरस के कारण होता है, जो दिन के दौरान काटता है। **एक वायरस जो एडीज, एजिप्टी और अन्य मच्छरों से फैलता हैये चिकनगुनिया और डेंगू भी . फैलाते हैं/**




गर्भावस्था के दौरान जीका वायरस का संक्रमण शिशुओं को जन्मजात जीका सिंड्रोम के रूप में जाने वाले माइक्रोसेफली और अन्य जन्मजात विकृतियों के साथ पैदा कर सकता है। जीका वायरस के साथ संक्रमण भी गर्भावस्था की अन्य जटिलताओं के साथ जुड़ा हुआ है, जिसमे प्रीटरम जन्म और गर्भपात शामिल हैं। न्यूरोलॉजिकल जटिलताओं का एक बढ़ा जोखिम वयस्कों और बच्चों में जीका वायरस के संक्रमण से जुड़ा हुआ है, जिसमें गुइलेनबैरे - सिंड्रोम, न्यूरोपैथी और मायलाइटिस शामिल हैं।

## क्या है जीका वायरस रोग की जटिलताऐं

गर्भावस्था के दौरान जीका वायरस संक्रमण विकासशील भ्रूण और नवजात शिशु में माइक्रोसेफली और अन्य जन्मजात असामान्यताओं का कारण है। गर्भावस्था में जीका संक्रमण के कारण गर्भावस्था में जटिलताएं होती हैं जैसे कि भ्रूण की हानि, स्टिलबर्थ और प्रीटरम जन्म। जीका वायरस संक्रमण भी गुइलेन-बैर सिंड्रोम, न्यूरोपैथी और मायलाइटिस का एक ट्रिगर है, विशेष रूप से वयस्कों और बड़े बच्चों में। गर्भावस्था के परिणामों पर जीका वायरस के संक्रमण, रोकथाम और नियंत्रण के लिए रणनीति और बच्चों और वयस्कों में अन्य न्यूरोलॉजिकल विकारों पर संक्रमण के प्रभाव की जांच करने के लिए अनुसंधान जारी है जीका वायरस को गर्भावस्था के दौरान मां से भ्रूण में स्थानांतरित किया जा सकता है, जिसके परिणामस्वरूप शिशु में माइक्रोसेफली (सामान्य सिर के आकार से छोटा) और अन्य जन्मजात विकृतियों को सामूहिक रूप से जन्मजात जीका सिंड्रोम के रूप में जाना जाता है।

माइक्रोसेफली अंतर्निहित असामान्य मस्तिष्क विकास या मस्तिष्क के ऊतकों के नुकसान के कारण होता है। मस्तिष्क क्षति की सीमा के अनुसार बच्चे के परिणाम भिन्न होते हैं।

जन्मजात जीका सिंड्रोम में अन्य विकृतियां शामिल हैं, जिसमें अंग के संकुचन, उच्च मांसपेशी टोन, आंखों की असामान्यताएं, और सुनवाई हानि शामिल है। गर्भावस्था में संक्रमण के बाद जन्मजात विकृतियों का जोखिम अज्ञात रहता है; गर्भावस्था के दौरान जीका वायरस से संक्रमित महिलाओं के लिए जन्मजात अनुमानित 5-15% शिशुओं में जीका से संबंधित जटिलताओं के प्रमाण हैं। जन्मजात विकृति लक्षण और स्पर्शोन्मुख संक्रमण दोनों के बाद होती है।




जीका वायरस संभोग के माध्यम से प्रेषित किया जा सकता है। जीका वायरस संक्रमण और प्रतिकूल गर्भावस्था और भ्रूण के परिणामों के बीच संबंध के कारण यह चिंता का विषय है। जीका वायरस के सक्रिय संचरण वाले क्षेत्रों के लिए, जीका वायरस संक्रमण वाले

सभी लोगों और उनके यौन साझेदारों (विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं) को जीका वायरस के यौन संचरण के जोखिमों के बारे में जानकारी प्राप्त करनी चाहिए।



क्या है जिका का इलाज़

आपको बता दें कि जीका वायरस से बचाव के लिए अभी तक कोई वैक्सीन और इलाज नहीं मिल पाया। इसलिए जीका वायरस से बचने का आसान तरीका है कि मच्छरों से पूरी तरह बचाव किया जाए। इसके अलावा जिन जगहों पर जीका वायरल फैला हो ऐसे संक्रमण वाले इलाकों में जाने से बचना चाहिए। जीका वायरस के संक्रमण के लक्षण आमतौर पर हल्के होते हैं। बुखार, दाने या गठिया जैसे लक्षणों से पीड़ित लोगों को भरपूर आराम करना चाहिए, तरल पदार्थों का सेवन करना चाहिए और आम दवाओं के साथ दर्द और बुखार का इलाज करना चाहिए। यदि लक्षण बिगड़ते हैं, तो उन्हें चिकित्सा देखभाल और सलाह लेनी चाहिए। जीका ट्रांसमिशन वाले क्षेत्रों में रहने वाली गर्भवती महिलाओं या जो जीका वायरस संक्रमण के लक्षण विकसित करते हैं, उन्हें प्रयोगशाला परीक्षण और अन्य नैदानिक देखभाल के लिए चिकित्सा ध्यान देना चाहिए। घर में मच्छर न पनपनेदें। जो महिलाएं लंबा ट्रैवल कर लौटी हैं। खासतौर से उन जगहों का जहां यह वाइरस फैला हुआ है। वह अगले **8** सप्ताह तक गर्भधारण करने से बचें। मच्छरदानी का प्रयोग करें। अगर मच्छरों से बचने के लिए कोई निरोधक लगा रहे हैं और सनस्क्रीन भी लगानी है, तो सनस्क्रीन पहले लगाएं। घर की खिड़कियों और दरवाजों पर जाली जरूरी लगवाएं। साथ ही जाली वाले दरवाजे हमेशा बंद रखें, ताकि मच्छर घर मेंनआएं। अगर आपको डायबीटीज, हाइपरटेंशन, इम्युनिटी डिसऑर्डर जैसी दिक्कतें हैं तो यात्रा करने से पहले डॉक्टर की सलाह जरूर लें। खासतौर पर अगर इस वाइरस से प्रभावित क्षेत्र की यात्रा पर जार हे हैं । यात्रा से आने के दो सप्ताह के अंदर अगर आपको हल्का बुखार होता है तो तुरंत डॉक्टर से मिलें। इसे मामूली बुखार समझकर अनदेखा न करें। अगर आप लगातार ट्रैवल करते हैं तो आपको अधिक सचेत रहने की जरूरत है। अपनी सुरक्षा का ध्यान रखें।जीका से पिछले कुछ वर्षों में दुनियाभर के **15** लाख से अधिक लोग संक्रमित हो चुके हैंविदेश मंत्रालय . ने इस बात कीपुष्टि की है कि सिंगापुर में **13** भारतीयों के जीका वायरस के टेस्ट पॉजिटिव पाए गए हैंभारत के जयपुर . केअलावा जीका वायरस अभी तक 86 देशों में फैल चुका है. भारत में जनवरी और फरवरी 2017 में पहली बार इसके प्रसार की पुष्टि अहमदाबाद में हुई थी। इसके बाद तमिलनाडु में भी इसकी पुष्टि हुई थी। जयपुर से पहले जीका वायरस फैलने की खबरें अहमदाबाद से आईं थी. विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने एक गर्भवती महिला समेत तीन लोगों में जीका वायरस के मामलों की पुष्टि की है. हालांकि, डब्ल्यूएचओ ने मौजूदा उपलब्ध सूचना के आधार पर भारत के लिए किसी यात्रा या व्यापार पाबंदी की अनुशंसा नहीं की है. हाल ही मे ,एक न्यूज़ के माध्यम से ,भारत सरकार ने अपने स्वास्थ्य मंत्रालय को, निर्देश दिये है. जिनके तहद इस रोग के नियन्त्रण हेतु, एक एजेंसी नियुक्त की है. जिसमे दिल्ली और पुणे मे, ख़ासतौर से इसके सम्बन्ध मे प्रयोग हो रहे है स्वास्थ्य मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पीएमओ ने जयपुर में जीका विषाणु के प्रसार पर एक व्यापक रिपोर्ट मांगी है। नियंत्रण उपायों में राजस्थान सरकार की मदद के लिए सात सदस्यीय एक उच्च स्तरीय टीम जयपुर में है। साथ ही, राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी) में एक नियंत्रण कक्ष सक्रिय किया गया है ताकि हालात की नियमित निगरानी की जा सके आने वाले समय मे इसके सफल परिणाम अर्थात पृथक टीके व दवाइया सामने आने की संभावनाएं होंगी/

Multidimensional Nano Science Magazine
बहुआयामी नैनोविज्ञान पत्रिका
Article Field / लेख क्षेत्र
Memb. ID No.
Ref. No.

# विज्ञान क्रिया–कलाप (मोल अवधारणा)

**परिचय:-** विल्हेल्म ओस्टवाल्ड नें 1896 के आसपास 'मोल' शब् प्रस्तुत कि या। उन्होने इस पद को एक लैटि न शब्द 'मोल' से लि या जिसका अर्थ होता है ढेर अथव संचय। कि सी पदार्थ को परमाण अथव अणओु का ढेर माना जा सकता है। 1967 में पदार्थ की मात्रा को मापने के लि ए मोल को SI इकाई के रूप में स्वी कार कि या गया। मोल पदार्थ की वह मात्रा है जिसमें पदार्थ के उतने ही कण (अणु/परमाणु/इलेक्रॉन/आयन) उपस्थित हों जितने कार्बन के कार्बन-12 समस्थानि क के 0.012 kg मात्रा में उपस्थित होते हैं। SI इकाई में पदार्थ की मात्रा को मोल के द्वारा अभिव्यक्त कि या जाता है। इसका प्रतीक 'mol' है। अत्यंत सरल होते हुए भी मोल संकल्पना रसायन में सबसे अधिक डरानें तथ गलत समझी जाने वाली संकल्पना मानी जाती है। ऐसा प्रतीत होता है, इसके संप्रषेण के लि भिन्न संप्रेषण योजना की आवश्यकता है।

**मुख्य संकल्पना**

- मोल, दिखाई न देने वाले शूछ्म कणों को गिनने तथ उनका द्रव्यमान ज्ञात करने के लिए प्रयक्त की जाने वाली इकाई है।
- मोल संकल्पना तथ सुप रिचित गणक इकाई जैसे दर्जन म सम्बन्ध
- पदार्थ म उपस्थित मोलों की संख्या तथ पदार्थ के द्रव्यमान म सम्बन्ध
- मोल का कणों की संख्या म कणों की संख्या का मोल में, मोल का द्रव्यमान में तथ द्रव्यमान का मोल में अन्त रपरिवर्त न (अदला -बदली)
- दिए गए पदार्थ की मात्रा मापने में मोल संकल्पना का उपयोग

**अपेक्षित पूर्व ज्ञान** मोल संकल्पना के अधिगम से पूर्व विद्यार्थि यों को होना चाहि ए -

- गणित का प्रारम्भि क ज्ञान
